
**1. राज योग :** योग की सबसे अंतिम अवस्था समाधि को ही राजयोग कहा गया है। इसे सभी योगों का राजा माना गया है, क्योंकि इसमें सभी प्रकार के योगों की कोई-न-कोई खासियत जरूर है। इसमें रोजमर्रा की जिंदगी से कुछ समय निकालकर आत्म-निरीक्षण किया जाता है। यह ऐसी साधना है, जिसे हर कोई कर सकता है।

महर्षि पतंजलि ने इसका नाम अष्टांग योग रखा है और योग सूत्र में इसका विस्तार से उल्लेख किया है। उन्होंने इसके आठ अंग बताए हैं, जो इस प्रकार हैं -

यम (शपथ लेना)
नियम (आत्म अनुशासन)
आसन (मुद्रा)
प्राणायाम (श्वास नियंत्रण)
प्रत्याहार (इंद्रियों का नियंत्रण)
धारणा (एकाग्रता)
ध्यान (मेडिटेशन)
समाधि (बंधनों से मुक्ति या परमात्मा से मिलन)

**2. ज्ञान योग :** ज्ञान योग को बुद्धि का मार्ग माना गया है। यह ज्ञान और स्वयं से परिचय करने का जरिया है। इसके जरिए मन के अंधकार यानी अज्ञान को दूर किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि आत्मा की शुद्धि ज्ञान योग से ही होती है। चिंतन करते हुए शुद्ध स्वरूप को प्राप्त कर लेना ही ज्ञान योग कहलाता है। साथ ही योग के ग्रंथों का अध्ययन कर बुद्धि का विकास किया जाता है। ज्ञान योग को सबसे कठिन माना गया है। अंत में इतना ही कहा जा सकता है कि स्वयं में लुप्त अपार संभावनाओं की खोज कर ब्रह्म में लीन हो जाना है ज्ञान योग कहलाता है

**3. कर्म योग :** श्रीकृष्ण ने भी गीता में कहा है 'योगः कर्मसु कौशलम्' यानी कुशलतापूर्वक काम करना ही योग है। कर्म योग का सिद्धांत है कि हम वर्तमान में जो कुछ भी अनुभव करते हैं, वो हमारे पूर्व कर्मों पर आधारित होता है। कर्म योग के जरिए मनुष्य किसी मोह-माया में फंसे बिना सांसारिक कार्य करता जाता है और अंत में परमेश्वर में लीन हो जाता है। गृहस्थ लोगों के लिए यह योग सबसे उपयुक्त माना गया है

**4. भक्ति योग :** भक्ति का अर्थ दिव्य प्रेम और योग का अर्थ जुड़ना है। ईश्वर, सृष्टि, प्राणियों, पशु-पक्षियों आदि के प्रति प्रेम, समर्पण भाव और निष्ठा को ही भक्ति योग माना गया है। भक्ति योग किसी भी उम्र, धर्म, राष्ट्र, निर्धन व अमीर व्यक्ति कर सकता है। हर कोई किसी न किसी को अपना ईश्वर मानकर उसकी पूजा करता है, बस उसी पूजा को भक्ति योग कहा गया है। यह भक्ति निस्वार्थ भाव से की जाती है, ताकि हम अपने उद्देश्य को सुरक्षित हासिल कर सकें ।

**5. हठ योग :** यह प्राचीन भारतीय साधना पद्धति है। हठ में ह का अर्थ हकार यानी दाईं नासिका स्वर, जिसे पिंगला नाड़ी कहते हैं। वहीं, ठ का अर्थ ठकार यानी बाईं नासिका स्वर, जिसे इड़ा नाड़ी कहते हैं, जबकि योग दोनों को जोड़ने का काम करता है। हठ योग के जरिए इन दोनों नाड़ियों के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि प्राचीन काल में ऋषि-मुनि हठ योग किया करते थे। इन दिनों हठ योग का प्रचलन काफी बढ़ गया है। इसे करने से मस्तिष्क को शांति मिलती है और स्वास्थ्य बेहतर होता है ।

**6. कुंडलिनी/लय योग :** योग के अनुसार मानव शरीर में सात चक्र होते हैं। जब ध्यान के माध्यम से कुंडलिनी को जागृत किया जाता है, तो शक्ति जागृत होकर मस्तिष्क की ओर जाती है। इस दौरान वह सभी सातों चक्रों को क्रियाशील करती है। इस प्रक्रिया को ही कुंडलिनी/लय योग कहा जाता है।

योग करने का असर मानसिक स्वास्थ्य के साथ भावनात्मक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। योग के भावनात्मक फायदे कुछ इस तरह हैं-

**सकारात्मक विचार :** योग का एक लाभ सकारात्मक विचार भी है। योग करने से जीवन को लेकर विचार सकारात्मक हो जाते हैं। वह जीवन को हर दिन नई ऊर्जा व जोश के साथ जीना पसंद करता है। वह जीवन भर 'खुश रहो और दूसरों को खुश रखो' इसी सिद्धांत का पालन करता है ।

**तनाव कम :** तनाव हर किसी के लिए नुकसानदायक है। व्यक्ति जब तनाव में होता है, उसके लिए सामान्य जिंदगी जीना मुश्किल हो जाता है। तनाव से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता योग है। जब योग करेंगे, तो नई ऊर्जा से भर जाएंगे। इससे तनाव का कम होना स्वाभाविक है ।

**बारीकियों पर नजर :** अक्सर कोई स्कूल, कॉलेज या फिर ऑफिस में ऐसे प्रोग्राम में जाते हैं, जिनमें किसी विषय के बारे में विस्तार से बताया जाता है और यह व्यक्ति लिए जरूरी भी होता है। इस तरह के माहौल में अमूमन होता यह है कि कुछ समय तो एक्टिव रहते हैं, लेकिन धीरे-धीरे ध्यान किसी और तरफ चला जाता है। इस प्रकार जरूरी बातों पर ध्यान नहीं दे पाते, लेकिन योग करने वाला व्यक्ति हर समय एक्टिव रहता है। वह हर बारीक से बारीक चीजों पर भी ध्यान रखता है ।

**चिंता से छुटकारा :** कहा जाता है चिंता चिता की जननी है, जो चिंता में डूबा उसका तनाव में जाना तय है। चिंता के कारण हृदय संबंधी बीमारियां तक हो सकती हैं। अगर कोई ज्यादा चिंता में डूबा रहता है, तो योग का सहारा ले सकता है। योग से न सिर्फ मानसिक विकारों व नकारात्मक सोच से उबर पाएंगे, बल्कि जीवन की तमाम दुविधाओं का सामना करने की क्षमता पैदा हो जाएगी ।

**अच्छी मनोस्थिति :** जीवन में आगे बढ़ने और सफलता हासिल करने के लिए स्वभाव का अच्छा और सकारात्मक रहना जरूरी है। इस काम में योग मदद कर सकता है। यकीन मानिए, जब आप योग करते हैं, तो अंदर से पूरी तरह सकारात्मक ऊर्जा से भर जाते हैं। इससे मूड अच्छा होता है और दिनभर काम में मन लगा रहता है ।

**निर्णय लेने की क्षमता :** योग व्यक्ति को मानसिक रूप से इस कदर मजबूत बनाता है कि जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने में लोग सक्षम हो जाते हैं। साथ ही विपरीत हालत में स्वयं को कैसे संतुलित बनाए रखना है, यह निर्णय लेना भी आसान हो जाता है ।

**एकाग्रता :** एकाग्रता बढ़ाने में भी योग फायदेमंद हो सकता है। नियमित रूप से योग करते रहने से एकाग्रचित होकर काम करने में मन लगता है। इस दौरान मार्ग में आने वाली तमाम बाधाओं को भी आसानी से पार किया जा सकता है। वैसे भी कहा जाता है कि सफलता का मूल मंत्र काम के प्रति एकाग्रता है ।

**अच्छी याददाश्त :** योग के जरिए मस्तिष्क की कार्यप्रणाली पर भी सकारात्मक असर होता है। खासकर, छात्रों के लिए यह बेहद जरूरी है। परीक्षा के दौरान अपने मस्तिष्क को शांत रखना और बेहतर बनाना जरूरी है, ताकि वो जो भी पढ़ रहे हैं, उन्हें अच्छी तरह याद रहे । इन सबमें योग मददगार साबित हो सकता है ।

**अवसाद से राहत :** कई बार ऑफिस और घर का काम इतना ज्यादा हो जाता है कि कोई भी मानसिक दबाव में आ सकता है। इस अवस्था में कामों के बीच संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। इससे अवसाद की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिससे बचने का एक जरिया योग भी है ।

अंतःस्त्रावी ग्रंथियों को प्रभावित करने वाले आसन-

**1. पीनियल ग्रंथि**- सूर्य नमस्कार, योग मुद्रा, पाद हस्तासन, भ्रामरी, कपाल-भाति, त्राटक, नेति तथा शीर्षासन से प्रभावित होती हैं।

**सूर्य नमस्कार -** शाब्दिक अर्थ - सूर्य को नमस्कार करना

यह आसन शरीर को सही आकार देने एवं मन से शांत, एकाग्र तथा स्वस्थ रखने के लिए सर्वोत्तम रहता है।

यह 12 शक्तिशाली योग आसनों का एक समूह है, जो रक्त वाहिनियों के लिए उत्तम व्यायाम भी है ।

(i) 'प्रणामासन'

(ii) हस्त उतनासन

(iii) पाद हस्तासन

(iv) अश्व संचालनसन

# अध्याय – 5

## भारत के विख्यात खेल व्यक्तित्व

### भारत के प्रमुख खिलाड़ी

आधुनिक भारत के निर्माण में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। देश की आजादी से लेकर वर्तमान तक हर मैदान में महिलाओं ने देश का नाम रोशन किया है।

**पी टी उषा**

**पय्योली एक्सप्रेस**, **सुनहरी कन्या** और **भारत की उड़न परी** नाम से विख्यात पी टी उषा जी भारत की तरफ से ओलंपिक के फाइनल मुकाबले में पहुँचने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। पी टी उषा का **जन्म 27 जून 1964** को **केरल** के **पय्योली, कोज़िकोड** में हुआ था। **भारतीय ट्रैक और फ़ील्ड की रानी** मानी जानी वाली पी टी उषा जी का खेल में पदार्पण **1979** मे हुआ था। **एशियाई खेल 1982** में उन्होंने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीते थे। वे साल 1984 से 1987 तक और साल 1989 में एशिया की **सर्वश्रेष्ठ धाविका** रही थी।

**साल 1984 लांस एंजेल्स ओलंपिक** खेलों में ये 400 मी बाधा दौड़ में चौथे स्थान पर रही थी। खेल के प्रति इनकी उपलब्धियों के लिए भारत सरकार ने इन्हे साल 1984 में **अर्जुन पुरस्कार** और **पद्मश्री** से सम्मानित किया था।

**कर्णम मल्लेश्वरी**

भारतीय महिलाओं के लिए ओलंपिक में पदकों का खाता खोलने वाली पहली महिला कर्णम मल्लेश्वरी थी। इनका **जन्म 1 जून 1975** को आंध्रप्रदेश के **श्रीकाकुलम** में हुआ था। यह भारत की पहली ओलम्पियन महिला भारोत्तोलक (वेटलिफ़्टर) थी। **सिडनी ओलंपिक** में इन्होने देश को **कांस्य पदक** दिलाया था। इन्ही की प्रेरणा से आज भारत में महिलायें वेटलिफ्टिंग में पदक जीत रहीं हैं, मीराबाई चानू इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। इसके अतिरिक्त कर्णम ने **एशियन चैंपियनशिप** में **3 रजत** तथा **विश्व चैंपियनशिप** में **3 कांस्य** जीते थे। खेलों में अपने असाधारण योगदान के लिए भारत सरकार ने इन्हे साल 1994 मे **अर्जुन पुरस्कार**, साल 1995 में **राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार** तथा साल 1999 में **पद्म श्री** से सम्मानित किया है।

**एम. सी. मैरी कॉम**

मॅग्नीफ़िसेन्ट मैरी (प्रतापी मैरी) तथा सुपर मॉम नाम से
मशहूर मँगते चंग्नेइजैंग मैरी कॉम या एम सी मैरी कॉम का जन्म 1 मार्च 1983 में मणिपुर के काङथेइ में हुआ था।

मैरीकॉम महिला बॉक्सिंग में भारत को पदक दिलाने वाली प्रथम महिला है। इसके अलावा मेरीकॉम 8 बार विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता की विजेता रह चुकी हैं, तथा एशियाई खेल 2014 में स्वर्ण पदक भी जीत चुकी है। लंदन ओलंपिक 2012 में मुक्केबाज़ी में कांस्य जीतकर मेरीकॉम युवा भारतीय महिला मुक्केबाज़ों का मार्गदर्शन कर रहीं हैं।

भारत सरकार मेरीकॉम को साल 2003 में अर्जुन पुरस्कार, साल 2006 में पद्मश्री तथा साल 2009 में राजीव गाँधी खेल पुरस्कार से सम्मानित कर चुकी है। बॉलीवुड में साल 2014 में मेरीकॉम के जीवन पर एक फिल्म बन चुकी है, जिसमे प्रसिद्ध अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने मेरीकॉम की भूमिका निभाई थी।

**पी वी सिंधु**

देश के लिए ओलंपिक में महिला एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता में 2 पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी पी वी सिंधु हैं। इनका जन्म 5 जुलाई 1995 को हैदराबाद, तेलंगाना में हुआ था, इनका पूरा नाम पुसर्ला वेंकट सिंधु है। पी वी सिंधु भारत की पहली ऐसी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जिसने विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। पी वी सिंधु की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि टोक्यो और रिओ ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक प्राप्ति है। भारत सरकार ने सिंधु को उनकी असाधारण खेल उपलब्धि के लिए साल 2016 में राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार, साल 2015 में पद्म श्री तथा साल 2013 में अर्जुन पुरस्कार से नवाजा है।

**अवनि लेखारा**

देश की नयी गोल्डन गर्ल अवनि लेखारा का जन्म 8 नवम्बर 2001 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। अवनि ने टोक्यो पैरालम्पिक खेलों में 10 मीटर एयर

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

(i) अग्रोन्मुखी अवरोध - जब पहले सीखी गई क्रिया नई क्रिया के सीखने में बाधा बनती है

(ii) पृष्ठोन्मुखी अवरोध :- नई सूचनाओं के एकत्रण के बाद पुरानी सूचनाओं को स्मरण करने में कठिनाई।

**3) पुनरुद्धार असफलता सिद्धांत :-**

दीर्घकालिक स्मृति में संचित सूचना का समय पर प्रयोग नहीं कर पाना पुनरुद्धार असफलता सिद्धांत कहलाता है। विस्तारपूर्वक अभ्यास के अभाव में ऐसा होता है।

**RAS / RTS विगत परीक्षाओं में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नः-**

प्रश्नः-1. स्मृति की तीन अवस्थाओं के बारे में लिखिए। (15 शब्द) RAS (Mains), 2021

प्रश्न-2. स्मृति पर बार्टलेट का दृष्टिकोण क्या है ? (15 शब्द) RAS (Mains), 2018

प्रश्न-3. टी. ए.टी में थीमा तथा आत्मबोधन (एपरसैपशन) क्या है ? (15 शब्द) RAS (Mains), 2018 प्रश्न-4. पृष्ठोन्मुखी व्यवधान से आप क्या समझते हैं ? (15 शब्द) RAS (Mains), 2016

प्रश्न-5. एबिंगहौस वक्र की परिभाषित कीजिए। (15 शब्द) RAS (Mains), 2016

प्रश्न-6. एक्स (X) सिद्धांत तथा वाई (y) सिद्धांत की तुलना करें। सरकारी संगठनों में कौन-सा अधिक प्रासंगिक है ? (50 शब्द) RAS (Mains), 2013

# अध्याय – 4

## प्रतिबल एवं प्रबंधन

### प्रतिबल / तनाव एवं प्रबंधन

मानसिक तनाव विश्वव्यापी समस्या है। वर्तमान समय में इसने एक अदृश्य बीमारी का रूप धारण कर लिया है, जो दिन - प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जो कभी न कभी तनाव से ग्रसित न होता हो! व्यक्ति चलते-फिरते, सोते-जागते तनाव से मुक्त नजर नहीं आता। समाचार पत्र, टीवी, रेडियो आदि पर समय-समय पर तनाव की चर्चा होती ही रहती है। व्यक्ति नित्य ही विविध प्रकार के तनावों से गुजरता रहता है । जिसका सीधा प्रभाव उसके समायोजन पर पड़ता है। तनाव की उपस्थिति से व्यक्ति के समायोजन में असंतुलन उत्पन्न हो जाता है। जीवन एक निरंतर चलने वाला संघर्ष है जिसमें व्यक्ति एक ओर अपने परिवेश तथा दूसरी ओर स्वयं से संघर्ष कर अपने को समायोजित करने का प्रयास करता रहता है।

"यदि हमारा मन स्वस्थ नहीं तो कुछ भी ठीक नहीं रह सकता।"

**तनाव क्या है?** - तनाव एक प्रतिक्रिया है जो व्यक्ति द्वारा चुनौती का सामना करने, किसी न किसी रूप में परिवर्तन होने, क्षमता से अधिक समस्या होने अथवा संतुलन भंग होने की स्थिति में की जाती है।

सामान्य अर्थों में तनाव का अभिप्राय उन शक्तियों से है जिनकी उपस्थिति या सत्ता से व्यक्ति के समायोजन को आघात पहुंचता है। यह नकारात्मक दिशा में कार्य करती है। तनाव ऊपर से अधिक तीव्र न भी दिखाई पड़े तो भी धीरे-धीरे संचित हो कर इतना जटिल हो सकता है कि व्यक्ति में विभिन्न मानसिक रोगों को (कालांतर में विभिन्न शारीरिक रोगों को भी) उत्पन्न कर सकता है। तनाव का अंतर्द्वंद्व, कुंठा तथा दबाव से घनिष्ठ संबंध होता है।

यह अंतर्द्वंद्व से तात्पर्य व्यक्ति के मन में ही किन्हीं विचारों के प्रति द्वंद्व या ऊहापोह की स्थिति।

कुंठा से तात्पर्य है जब कोई व्यक्ति अपने इच्छित लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल होने पर मन में उत्पन्न द्वंद्व ।

सामान्यतः व्यक्ति को तीन प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है –

1. जैविक आवश्यकताओं को संतुष्ट करने से संबंधित समस्या ;

   यहाँ जैविक आवश्यकताओं से तात्पर्य है- ऐसी आवश्यकताएँ जो मानव को जीने के लिए अति आवश्यक है।

   जैसे : भोजन, पानी, आवास, काम, नींद आदि ।

2. समाज और सांस्कृतिक अपेक्षाओं, मान्यताओं व परंपराओं से उत्पन्न होने वाली समस्याएँ;

3. व्यक्ति की अपने व्यक्तित्व से संबंधित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ अथवा सुरक्षा, प्रतिष्ठा तथा प्रेम आदि से संबंधित समस्याएँ ।

प्रत्येक व्यक्ति को समायोजनपूर्ण जीवन के लिए अपनी आंतरिक और बाह्य परिस्थितियों में संतुलन बनाने की आवश्यकता होती है। टॉम कॉक्स नामक मनोवैज्ञानिक ने दैहिक आधार और उसकी मांग तथा मनोवैज्ञानिक आधार और उसकी मांगों को बहुत महत्त्वपूर्ण माना है। इन मांगों की अपनी इच्छानुसार पूर्ति न होने पर प्रतिबल और फिर तनाव उत्पन्न होता है। प्रतिबल को मनोवैज्ञानिक एक उत्तेजना के रूप में मानते हैं। कोलमैन के अनुसार, "कोई भी परिस्थिति, जो व्यक्ति पर दबाव डालती है तथा जिसके कारण व्यक्ति को परिस्थिति के साथ समायोजन करना पड़ता है, वही प्रतिबल या दबाव है"। प्रतिबल के फलस्वरूप उत्पन्न असंतुलित अवस्था को ही तनाव कहते हैं। जीवन में कठिनाइयां जब असामान्य होकर व्यक्ति को शारीरिक और मनोवैज्ञानिक आघात (चोट) पहुंचाती हैं तो व्यक्ति तनाव की स्थिति में आ जाता है और उसका समायोजन नकारात्मक रूप से प्रभावित हो जाता है।

तनाव का संबंध प्रेरणा से अत्यधिक होता है। प्रत्येक प्रेरणा के पीछे एक प्रेरक होता है। प्रेरक नकारात्मक या सकारात्मक दोनों तरह की प्रेरणा दे सकता है और नकारात्मक प्रेरणा तनाव को जन्म देती है। प्रेरणा जितनी ही तीव्र होगी तनाव उतना ही तीव्र हो जाता है। तनाव एक ऐसा मानसिक भारीपन है जिससे व्यक्ति की कार्य क्षमता और योग्यता समाप्त हो जाती है। वास्तव में, प्रेरक शक्ति के फलस्वरूप ही व्यक्ति अपने जीवन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहता है परंतु यह आवश्यक नहीं है कि वह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल हो जाए। बंधुआ को अपनी इच्छाओं की पूर्ति में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है, तमाम असफलताओं से गुजरना पड़ता है। ये असफलताएं व्यक्ति में कुंठा और दबाव को जन्म देती हैं जिससे व्यक्ति तनावपूर्ण मनः स्थिति में आ जाता है तथा निरंतर असंतोष और निराशा की स्थिति में रहने लगता है।

**तनाव के प्रकार :-**

**(1) भौतिक एवं पर्यावरणीय तनाव** - यह तनाव का ऐसा प्रकार है जिसमें भौतिक मांगों के कारण हमारी शारीरिक स्थिति में परिवर्तन होता है।

जैसे - पौष्टिक भोजन की कमी
नींद पूरी ना होना
चोटिल होना / आदि

पर्यावरणीय तनाव परिवेश की अपरिहार्य दशाओं के कारण होता है। जैसे :- प्रदूषण, शोर, भीड़, प्रकृतिक आपदाएँ आदि।

**(2) मनोवैज्ञानिक तनाव** :- ऐसे तनाव जो हम स्वयं मस्तिष्क में उत्पन्न करते हैं। ये प्रत्येक व्यक्ति के लिए विशिष्ट होते हैं। मनोवैज्ञानिक तनाव के मुख्य कारण कुंठा, आंतरिक दबाव व सामाजिक दबाव है।

**(3) सामाजिक तनाव** - यह बाहरी कारणों तथा दूसरे लोगों से अंतर्क्रिया के परिणाम स्वरूप उत्पन्न होता है।

जैसे :- बीमारी, मृत्यु, तनावपूर्ण संबंध आदि।

संक्षेप में, इस दबाव व तनावपूर्ण स्थिति के प्रमुख कारण होते हैं :-

1. नई जिम्मेदारी (परिवर्तन के साथ समन्वय न कर पाना)।
2. असफलता मिलने पर स्वयं की योग्यता पर संदेह करना।
3. क्षमता से अधिक कार्यभार (Overloading)।
4. अत्यधिक अकेलापन।
5. सांवेगिक अस्थिरता।
6. मिथ्या विश्वास और पूर्वाग्रह।
7. निराशावादी दृष्टिकोण।

# विधि

## अध्याय - I

## विधि की अवधारणा

सामान्य अर्थ में किसी भी नियम को विधि कहा जा सकता है। उत्पत्ति की दृष्टि से 'विधि' का अंग्रेजी पर्याय 'लॉ' ट्यूटोनिक धातु 'लैग' से निकला है जिसका अर्थ है कोई ऐसी वस्तु जो एकसार हो अर्थात् बंधी हुई हो।

**विधि की परिभाषा ( Definition of law )**

**हूकर के अनुसार** – ऐसे नियम अथवा उपनियम जिनके द्वारा मनुष्य के कार्य संचालित होते हैं, विधि कहलाते हैं।

**हेनरी सिडविक के अनुसार** – विधि शब्द का प्रयोग किसी ऐसे सामान्य नियम के लिए किया जा सकता है जो किसी कार्य को करने अथवा न करने का आदेश देता है और जिसकी अवज्ञा करने पर दोषी व्यक्ति को दंड भोगना पड़ सकता है।

ऑक्सफोर्ड इंग्लिश शब्दकोश में 'विधि' को राज्य द्वारा लागू किया गया आचरण संबंधी नियम कहा गया है।

**हॉलैंड के अनुसार** – विधि से आशय मानवीय कृत्यों के उन सामान्य नियमों से हैं जिनकी अभिव्यक्ति मनुष्य के बाह्य आचरण द्वारा होती है और जो किसी सुनिश्चित प्राधिकारी द्वारा लागू किए जाते हैं। यह प्राधिकारी कोई ऐसा व्यक्ति होता है जिससे उन मानवीय प्राधिकारियों में से चुना जाता है जो राजनीतिक समाज में सर्वशक्तिमान होते हैं।

**सामण्ड के अनुसार-** सामान्य अर्थ में विधि के अंतर्गत सभी कार्यों संबंधी नियमों का समावेश है। उनका कथन है कि विशिष्ट अर्थ में विधि से तात्पर्य नागरिक विधि से हैं जो किसी देश के नागरिकों के प्रति लागू होती है। उनके अनुसार वास्तव में विधिशास्त्रीय विधि वही है जो न्याय की स्थापना के लिए न्यायालयों द्वारा लागू की जाती है।

ऑस्टिन ने विधि को "प्रभुताधारी या राजनीतिक दृष्टि से उच्चतर व्यक्तियों द्वारा शासित व्यक्तियों पर अधिरोपित किए गए नियमों का समूह" निरूपित किया है। इसे ऑस्टिन ने 'पॉजिटिव लॉ' कहा है।

केल्सन ने विधि को 'अमनोवैज्ञानिक समादेश' कहा है। केल्सन के अनुसार विधि समाज को संगठित करने की तकनीक है जो स्वयं में साक्ष्य ना होकर लोगों को नीतिशास्त्र के नियमों को अनुगमन करने के लिए बाध्य करती है।

**विधि के स्रोत ( Source of law )**

विधि के स्रोत दो प्रकार के होते हैं-

1. औपचारिक स्रोत ( Formalized Source )
2. भौतिक स्रोत ( Physical source )

**1. औपचारिक स्रोत ( Formalized Source )** – सामण्ड के अनुसार विधि के कुछ ऐसे स्रोत है जिनसे विधि अपने शक्ति या वैधता प्राप्त करती है। इन स्रोतों को औपचारिक स्रोत कहा जाता है। इनका तात्पर्य राज्य की इच्छा और शक्ति से है, जो राज्य के न्यायालयों द्वारा निर्णयों के माध्यम से अभिव्यक्त की जाती है।

**2. भौतिक स्रोत ( Physical source )**- विधि का भौतिक या तात्विक स्रोत वह है जिसे विधि विषयक सामग्री प्राप्त होती है। सामण्ड ने विधि के भौतिक स्रोतों को दो भागों में विभक्त किया है

1. ऐतिहासिक स्रोत ( Historical sources )
2. वैधानिक स्रोत ( Statutory sources )

**ऐतिहासिक स्रोत ( Historical source)** – विधि के ऐतिहासिक स्रोत विधि के विकास को प्रभावित करते हैं तथा विधि निर्माण के लिए सामग्री जुटाते हैं। ऐतिहासिक स्रोतों का संबंध विधिक इतिहास से है न कि विधिक सिद्धांतों से। अतः इन स्रोतों के पीछे विधिक मान्यता नहीं होती है। ये स्रोत परोक्षतः विधि के स्रोत के रूप में कार्य करते हैं।

**वैधानिक स्रोत (Statutory sources)**- यह विधि के ऐसे स्रोत है जिन्हें विधि द्वारा मान्यता दी गई है। वैधानिक स्रोत निम्नलिखित चार प्रकार के होते हैं-

**विधायन या अधिनियमित विधि ( Law or enacted law )**

अधिनियमित विधि राज्य की विधान शक्ति द्वारा निर्मित की जाती है, जिसे कानून के रूप में राज्य के सभी न्यायालयों द्वारा मान्य किया जाता है।

**पूर्व निर्णय या नजीरे (उदहारण)** – न्यायालयों द्वारा दिए गए पूर्व निर्णयों को भविष्य में उसी प्रकार

के तत्सम वादों में उदाहरण के रूप में लागू किया जाता है। पूर्व निर्णय को न्यायालय द्वारा विधि के रूप में स्वीकार किया गया है।

**रुढिगत या प्रथागत विधि-** इस प्रकार की विधियां उन प्रथाओं से उत्पन्न होती है जो विधि द्वारा व्यावहारिक नियमों के रूप में स्वीकार की गई है।

**अभिसामयिक विधि-** इस प्रकार की विधियां लोगों द्वारा आपसी समझौते के आधार पर निर्मित की जाती है और यह विधि केवल उन व्यक्तियों के प्रति बंधनकारी होती है जो उस विधि के निर्माण के लिए सहमति व्यक्त करते हैं।

**विधि की प्रमुख विशेषताएं** (Characteristics of the Law )

1. विधि देश के प्रभुताधारी द्वारा लागू किया गया समादेश है, अर्थात वह राज्य द्वारा निर्मित कानून है जिसके पीछे राज्य की शास्ति निहित रहती है और जो व्यक्तियों को विधि का अनुपालन करने के लिए बाध्य करती है सारांश यह है कि विधि को राज्य की शास्ति द्वारा लागू किया जाता है।
2. विधि और न्याय में घनिष्ठ संबंध है। वस्तुतः विधि न्याय- प्रशासन का एक अनिवार्य साधन है।
3. विधि में एकरूपता और स्थिरता होती है अर्थात यह बिना किसी भेदभाव के सभी के प्रति समान रूप से लागू की जाती है। विधि का प्रवर्तन राज्य द्वारा स्थापित न्यायालयों द्वारा किया जाता है।
4. कभी-कभी रुढिगत प्रथाएं भी विधि का रूप ग्रहण कर लेती है, किंतु ऐसा तभी संभव है जब इन रुढियों को न्यायाधीशों द्वारा विधि के रूप में मान्य किया गया हो तथा अपने निर्णयों में समाविष्ट कर लिया गया हो।

**विधि के गुण** ( Properties of law )

i. एकरूपता और निश्चितता
ii. निष्पक्ष न्याय
iii. वैयक्तिक निर्णय की भूलों से रक्षा

विधि के दोष ( **Defects of law** )

- रुढ़िवादिता
- औपचारिकता
- जटिलता
- अनम्यता

- **स्वामित्त**

**स्वामित्व की परिभाषा :-**

ब्लैक के विधि - शब्दकोष ( 6 वां संस्करण ) के अनुसार स्वामित्व (Ownership ) की परिभाषा इस प्रकार की गई है - सम्पत्ति के उपयोग और उपभोग के लिए अधिकारों के संग्रह को 'स्वामित्व' कहते हैं जिसमें सम्पत्ति का अंतरण किसी अन्य को करने का अधिकार भी सम्मिलित है। अतः किसी सम्पत्ति के प्रति स्वत्व (Claim ) को विधितः मान्यता देना स्वामित्व कहलाता है।

विधिशास्त्रियों ने 'स्वामित्व' की परिभाषा भिन्न - भिन्न प्रकार से की है। तथापि प्रायः सभी विधिवेत्ता यह स्वीकार करते हैं कि समस्त विधिक अधिकारों में स्वामित्व का अधिकार सर्वाधिक पूर्णतम तथा प्रबल अधिकार होता है। हिबर्ट के अनुसार स्वामित्व के अंतर्गत चार प्रकार के अधिकार संनिहित हैं। ये अधिकार हैं -

1. किसी वस्तु के प्रयोग का अधिकार,
2. दूसरों को उस वस्तु से अपवर्जित करने का अधिकार,
3. उस वस्तु के व्ययन ( disposal ) का अधिकार, और
4. उस वस्तु को नष्ट करने (destruction) का अधिकार।

मार्कबी के अनुसार किसी वस्तु पर स्वामित्व होना यह दर्शाता है कि उस वस्तु से संबंधित समस्त अधिकार उसी व्यक्ति में निहित हैं। अतः स्पष्ट है कि स्वामित्व किसी व्यक्ति और किसी वस्तु के बीच ऐसे संबंधों का प्रतीक है जो उस वस्तु से संबंधित समस्त अधिकार उस व्यक्ति में निहित करता है। ऑस्टिन ने 'स्वामित्व' कि व्याख्या करते हुए लिखा है कि 'स्वामित्व' किसी निश्चित वस्तु पर ऐसा अधिकार है जो उपयोग की दृष्टि से अनिश्चित, व्ययन की दृष्टि से अनिर्बन्धित तथा अवधि की दृष्टि से असीमित है।

सामण्ड ने 'स्वामित्व ' शब्द का प्रयोग दो अर्थों में किया है। उनके अनुसार व्यापक अर्थ में स्वामित्व व्यक्ति तथा उसमें निहित किसी अधिकार के संबंध को अभिव्यक्त करता है- ये अधिकार चाहे सांपत्तिक हो, अथवा वैयक्तिक, लोकलक्षीक हों, अथवा व्यक्ति - लक्षी, भौतिक हों अथवा अभौतिक। संकीर्ण अर्थ

## • अध्याय 8

## भू-प्रबन्ध संक्रियायें

**भू-प्रबन्ध –** भू-प्रबन्ध का शाब्दिक अर्थ है, भूमि का प्रबन्ध या भूमि की व्यवस्था, जिसमे मुख्यतः भूमि की किस्मो, लगान दरो , उसके भुगतान के तरीके व समय का निर्धारण किया जाता है। धारा 142 के अनुसार राज्य सरकार गजट नोटिफिकेशन के जरिये किसी क्षेत्र मे भू-प्रबन्ध या पुनर्भूप्रबन्ध कराने का आदेश दे सकती है।

**आर्थिक सर्वेक्षण** – धारा 148 के अनुसार जब कोई जिला या क्षेत्र भू-प्रबन्ध के अन्तर्गत लिया जाता है तो भू-प्रबन्ध अधिकारी निम्नांकित विषयो का ध्यान रखते हुए उस जिले या क्षेत्र के काश्तकारो का आर्थिक सर्वेक्षण कराता है,

1. जिस सीमा तक जिला या क्षेत्र सिंचाई द्वारा रक्षित है, और गत भू-प्रबन्ध के बाद सिंचाई सुविधाओ मे कोई वृद्धि हुई हो।
2. कृषि का स्तर, गत भू-प्रबन्ध के बाद कृषि भूमि के क्षेत्र मे कोई वृद्धि या कमी हुई हो।
3. कृषि का व्यय और काश्तकार के स्वयं व परिवार के पालन-पोषण का व्यय।
4. भू-प्रबन्ध के अन्तर्गत लिये गये क्षेत्र मे या उसके आस-पास स्थित मंडियों का होना।
5. गत भू-प्रबन्ध के बाद संचार साधनो मे वृद्धि या सुधार, यदि कोई हुए हो।
6. खेतो के आकार ।
7. काश्तकार की ऋणग्रस्तता की सीमा और ऋण मिलने की सुविधाएँ।

**कर निर्माण वृत्तों या संघो का निर्माण** – धारा 149 के अनुसार आर्थिक सर्वेक्षण के पूर्ण होने के तुरन्त बाद या उसके साथ-साथ भू-प्रबन्ध अधिकारी उस जिले या क्षेत्र मे कर निर्माण वृत्तों या संघो का निर्माण करेगा। जिसमे धारा 148 मे वर्णित विषयो की समरूपता का तथा निम्न बिन्दुओ का ध्यान रखा जायेगा-

1. प्राकृतिक आकार
2. जलवायु तथा वर्षा
3. जनसंख्या तथा श्रमिको की उपलब्धता
4. कृषि साधन
5. मुख्य रूप से उगाई जाने वाली फसलो की किस्म व उनकी उपज की मात्रा व उनके मण्डियो मे प्रचलित मूल्य
6. दरे, जिन पर जोतो का लगान दिया जाता है
7. गत भू-प्रबन्ध मे यदि कोई कर निर्माण वृत्तों या संघो का निर्माण किया हुआ हो तो उनका ध्यान रखना

**मिट्टी का वर्गीकरण व लगान दरो का निर्धारण** – धारा 150 के अनुसार भू-प्रबन्ध अधिकारी प्रत्येक कर निर्धारण वृत्त या कर निर्धारण संघ के गाँवो को मिट्टी की विभिन्न श्रेणियों मे बाँटता है। तथा धारा 151 के अनुसार प्रत्येक श्रेणी की मिट्टी के लिये लगान दरो का निर्धारण करता है।

**लगान दरो का आधार** – धारा 152 के अनुसार न्यायोचित लगान दरो के निर्धारण के लिये निम्नांकित बिन्दुओ का ध्यान रखा जाता है-

1. भू-प्रबन्ध से पूर्व 20 वर्षो मे लगान व लगान जैसे उपकरो की वसूली की स्थिति।
2. भू-प्रबन्ध से पूर्व 20 वर्षो मे कृषि उपज के मूल्य का औसत ।
3. उगाई गई फसलो की किस्म व उपज का औसत।
4. औसत मूल्य पर ऐसी पैदावार की वेल्यु।
5. काश्त का व्यय और काश्तकार के स्वयं व परिवार के पालन पोषण का व्यय।
6. प्रत्येक खेत मे से प्रतिवर्ष पडत रखी जाने वाली भूमि का क्षेत्रफल, फसलो का आवर्तन, हेर-फेर व पडत रखने की स्थिति।
7. लगान मे छूट, निलम्बन और अपूर्ण वसूली की आवृत्ति।
8. यदि गत भू-प्रबन्ध की कोई लगान दर और उपज का भाग तथा विनिमय का मूल्य तय किया हुआ है तो उसको ध्यान रखना।
9. नजदीकी क्षेत्रो मे ऐसी श्रेणी की अन्य भूमि के लिए कोई लगान दरे स्वीकृत हो तो उसका ध्यान रखना।

**'दस्तूर गवाई -**

उत्तर - राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत दस्तूर गवाई बन्दोबस्त संक्रियाओं के दौरान बन्दोबस्त अधिकारी द्वारा तैयार किये जाने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है । इसे वाजिब-अल-अर्ज भी कहा जाता है । इसमें संबंधित गांव की रूढ़ियां जो भूमि तथा भूमि के उपयोग तथा लगान

के भुगतान के अतिरिक्त देनगियां सम्मिलित होती हैं । उक्त अधिनियम की धारा 173 में दस्तूर गवाई से संबंधित प्रावधान उल्लेखित है । प्रत्येक गांव हेतु बन्दोबस्ती अधिनियम एक दस्तूर गवाई तैयार करता है । दस्तूर गवाई में निम्नलिखित बातें लेखबद्ध की जाती है-

समस्त उपकर जो चाहे किसी भी नाम से पुकारे जाते हो, भूमि के अधिभोग हेतु संबंधित गांव के काश्तकारों द्वारा अभी तक लगान के अतिरिक्त देय है ।

**निम्नलिखित बातों के संबंध में संबंधित गांव की रूढियां -**

- गांव की सामान्य भूमि में उसका उपज में व ग्राम स्थल में, उसके निवास या उसमें भूमियों को धारण करने वाले व्यक्तियों के अधिकार और

सिंचाई के अधिकार, मार्ग के अधिकार तथा अन्य सुखाधिकार ।

ग्राम प्रशासन में संसक्त कोई अन्य अधिकार, रुढ़ि अन्य बातें जिन्हें सुनिश्चित करके लेखबद्ध करना राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त बनाये गये नियमों द्वारा अपेक्षित हो

**राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955,**

**काश्तकारी अधिनियम** – यह सिर्फ कृषि भूमियो पर लागू होता है तथा इसमे कृषको के अधिकारो के बारे मे बताया गया है, यह काश्तकारो के हितो को संरक्षित करता है, यह 15 अक्टूबर 1955 से सम्पूर्ण राजस्थान मे लागू किया गया है। इस अधिनियम में 16 अध्याय, 260 धाराएं एवं 3 अनुसूचियां है ।

## अध्याय - 1
## प्रारम्भिक

**धारा 5 परिभाषाएं** – इस धारा मे दी गई परिभाषाएं सिर्फ इस अधिनियम के संदर्भ मे ही दी गई है, (कुछ खास परिभाषाएं निम्नानुसार है)

1. **कृषि वर्ष** – धारा 5(1) के अनुसार प्रति वर्ष 1 जुलाई से प्रारंभ होकर आगामी 30 जून तक समाप्त होने वाली वार्षिक अवधि को कृषि वर्ष माना गया है। इसे फसली वर्ष भी कहा जाता है।
2. **कृषि** – इस मे कृषि को परिभाषित नही किया गया है, साधारणतया कृषि का अर्थ भूमि को जोतना, बुवाई करना, खेती की सम्भाल करना, फसल काटकर तैयार करना समझा जाता है, किन्तु इस धारा मे सिर्फ उन क्रिया-कलापो का वर्णन किया गया है, जिन्हे भी इस एक्ट मे संदर्भ मे कृषि माना गया है,

   धारा 5(2) के अनुसार कृषि मे उद्यान-कृषि, पशुपालन व प्रजनन, दुग्ध-उद्योग, कुक्कुटपालन तथा वन विकास सम्मिलित है।
3. **कृषक** – धारा 5(3) के अनुसार वह व्यक्ति जो अपनी जीविका पूर्णतः या मुख्यतः कृषि कार्य से अर्जित करता है, कृषक है। चाहे वो स्वयं कृषि कार्य करे या अपने सेवको या अभिधारियो से कृषि करावे।
4. **फसल** – इसमे भी फसल को परिभाषित नही किया गया है, वास्तव मे कृषि से प्राप्त उपज को फसल कहते है, किन्तु इस धारा मे सिर्फ कुछ उदाहरण देकर बताया गया है कि फसल मे क्या-क्या सम्मिलित माना है,

   धारा 5(9) अनुसार फसल मे क्षुप ( छोटे वृक्ष) , झाडियाँ, पौधे और बेले जैसे – गुलाब की झाडियाँ, पान की बेले, मेहंदी की झाडियाँ, कदली और पपीता सम्मिलित है।
5. **बाग-भूमि या उपवन भूमि** – धारा 5(15) के अनुसार भूमि का ऐसा टुकडा या खण्ड जिस पर वृक्ष इतनी संख्या मे लगे हुए हो कि वे उस भूमि को अन्य किसी कृषि प्रयोजन हेतु उपयोग मे लेने से रोकते है,या बडे होने पर रोकेंगे, ऐसे वृक्षो के समुह को बाग माना जायेगा, और ऐसे वृक्षो के समुह से आच्छादित भूमि बाग भूमि कही जायेगी।
6. **जोत** – धारा 5(17) के अनुसार किसी एक व्यक्ति द्वारा एक पट्टे(प्राधिकार पत्र), वचनबद्ध(बॉण्ड) या अनुदान के अधीन धारित समस्त भूमि खण्ड, चाहे कही भी अलग-अलग जगह पर स्थित हो वो सभी उस व्यक्ति की एक जोत माने जायेंगे।

   जहाँ अधिकतम सीमा की गणना करनी हो वहाँ किसी एक व्यक्ति द्वारा एक या एक से अधिक पट्टे, वचनबद्ध या अनुदान के अधीन धारित समस्त भूमि खण्ड, चाहे वे राजस्थान मे कही भी अलग-अलग जगह पर स्थित हो वो सभी उस व्यक्ति की एक जोत माने जायेंगे। और जहाँ ऐसी जोत एक से अधिक व्यक्तियो द्वारा संयुक्त रूप से धारित की जाती है तो प्रत्येक का जो हिस्सा है वो उसकी जोत माना जायेगा, चाहे वास्तविक विभाजन हुआ या नही हुआ हो।

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

**प्रिय दोस्तों, अब तक हमारे नोट्स में से विभिन्न परीक्षाओं में आये हुए प्रश्नों के परिणाम देखने के लिए क्लिक करें - (Proof Video Link)**

RAS PRE. 2021 - https://shorturl.at/qBJ18 (74 प्रश्न , 150 में से)

RAS Pre 2023 - https://shorturl.at/tGHRT (96 प्रश्न , 150 में से)

Rajasthan CET Gradu. Level - https://youtu.be/gPqDNlc6UR0

Rajasthan CET 12th Level - https://youtu.be/oCa-CoTFu4A

RPSC EO / RO - https://youtu.be/b9PKjl4nSxE

VDO PRE. - https://www.youtube.com/watch?v=gXdAk856W18&t=202s

Patwari - https://www.youtube.com/watch?v=X6mKGdtXyu4&t=2s

PTI 3rd grade - https://www.youtube.com/watch?v=iA_MemKKgEk&t=5s

SSC GD - 2021 - https://youtu.be/2gzzfJyt6vI

| EXAM (परीक्षा) | DATE | हमारे नोट्स में से आये हुए प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| RAS PRE. 2021 | 27 अक्तूबर | 74 प्रश्न आये |
| RAS Mains 2021 | October 2021 | 52% प्रश्न आये |
| RAS Pre. 2023 | 01 अक्तूबर 2023 | 96 प्रश्न (150 मेंसे) |
| SSC GD 2021 | 16 नवम्बर | 68 (100 में से) |


| | | |
|---|---|---|
| SSC GD 2021 | 08 दिसम्बर | 67 (100 में से) |
| RPSC EO/RO | 14 मई (1st Shift) | 95 (120 में से) |
| राजस्थान S.I. 2021 | 14 सितम्बर | 119 (200 में से) |
| राजस्थान S.I. 2021 | 15 सितम्बर | 126 (200 में से) |
| RAJASTHAN PATWARI 2021 | 23 अक्तूबर (1st शिफ्ट) | 79 (150 में से) |
| RAJASTHAN PATWARI 2021 | 23 अक्तूबर (2nd शिफ्ट) | 103 (150 में से) |
| RAJASTHAN PATWARI 2021 | 24 अक्तूबर (2nd शिफ्ट) | 91 (150 में से) |
| RAJASTHAN VDO 2021 | 27 दिसंबर (1st शिफ्ट) | 59 (100 में से) |
| RAJASTHAN VDO 2021 | 27 दिसंबर (2nd शिफ्ट) | 61 (100 में से) |
| RAJASTHAN VDO 2021 | 28 दिसंबर (2nd शिफ्ट) | 57 (100 में से) |
| U.P. SI 2021 | 14 नवम्बर 2021 1st शिफ्ट | 91 (160 में से) |
| U.P. SI 2021 | 21नवम्बर2021 (1st शिफ्ट) | 89 (160 में से) |
| Raj. CET Graduation level | 07 January 2023 (1st शिफ्ट) | 96 (150 में से ) |
| Raj. CET 12th level | 04 February 2023 (1st शिफ्ट) | 98 (150 में से ) |

**& Many More Exams like UPSC, SSC, Bank Etc.**

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO


# Our Selected Students

## Approx. 137+ students selected in different exams. Some of them are given below -

| Photo | Name | Exam | Roll no. | City |
|---|---|---|---|---|
|  | **Mohan Sharma S/O Kallu Ram** | Railway Group - d | 114195120370022 | PratapNagar Jaipur |
|  | **Mahaveer singh** | Reet Level- 1 | 1233893 | Sardarpura Jodhpur |
|  | **Sonu Kumar Prajapati S/O Hammer shing prajapati** | SSC CHSL tier-1 | 2006018079 | Teh.- Biramganj, Dis.- Raisen, MP |
| N.A | **Mahender Singh** | EO RO (81 Marks) | N.A. | teh nohar , dist Hanumangarh |
|  | **Lal singh** | EO RO (88 Marks) | 13373780 | Hanumangarh |
| N.A | **Mangilal Siyag** | SSC MTS | N.A. | ramsar, bikaner |

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO
FREE SAMPLE

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
|  | **MONU S/O KAMTA PRASAD** | SSC MTS | 3009078841 | kaushambi (UP) |
|  | **Mukesh ji** | RAS Pre | 1562775 | newai tonk |
|  | **Govind Singh S/O Sajjan Singh** | RAS | 1698443 | UDAIPUR |
|  | **Govinda Jangir** | RAS | 1231450 | Hanumangarh |
| N.A | **Rohit sharma s/o shree Radhe Shyam sharma** | RAS | N.A. | Churu |
|  | **DEEPAK SINGH** | RAS | N.A. | Sirsi Road , Panchyawala |
| N.A | **LUCKY SALIWAL s/o GOPALLAL SALIWAL** | RAS | N.A. | AKLERA , JHALAWAR |
| N.A | **Ramchandra Pediwal** | RAS | N.A. | diegana , Nagaur |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
|  | **Monika jangir** | RAS | N.A. | jhunjhunu |
|  | **Mahaveer** | RAS | 1616428 | village-gudaram singh, teshil-sojat |
| N.A | **OM PARKSH** | RAS | N.A. | Teshil-mundwa Dis- Nagaur |
| N.A | **Sikha Yadav** | High court LDC | N.A. | Dis- Bundi |
|  | **Bhanu Pratap Patel s/o bansi lal patel** | Rac batalian | 729141135 | Dis.-Bhilwara |
| N.A | **mukesh kumar bairwa s/o ram avtar** | 3rd grade reet level 1 | 1266657 | JHUNJHUNU |
| N.A | **Rinku** | EO/RO (105 Marks) | N.A. | District: Baran |
| N.A. | **Rupnarayan Gurjar** | EO/RO (103 Marks) | N.A. | sojat road pali |
|  | **Govind** | SSB | 4612039613 | jhalawad |

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
|  | **Jagdish Jogi** | EO/RO (84 Marks) | N.A. | tehsil bhinmal, jhalore. |
|  | **Vidhya dadhich** | RAS Pre. | 1158256 | kota |

*And many others……*

FREE SAMPLE

**नोट्स खरीदने के लिए इन लिंक पर क्लिक करें**

**Whatsapp करें – [https://wa.link/40daqf](https://wa.link/40daqf)**

**Online order करें – [https://shorturl.at/qR235](https://shorturl.at/qR235)**

**Call करें - 9887809083**